प्रोजेक्ट कंपटीशन में गोपेश्वर कैंपस के यश गुप्ता की टीम रही अव्वल

देहरादून। उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से अपने परिसर महिला प्रौद्योगिकी संस्थान में इंटर कॉलेजिएट प्रोजेक्ट कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें विवि के संबद्ध एवं परिसर संस्थानों में अध्ययनरत बीटेक और बी फार्म के अंतिम वर्ष के छात्रों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में विवि के आईटी गोपेश्वर कैंपस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र यश गुप्ता की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। महिला प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर देहरादून की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा शिवांगी सैनी की टीम दूसरे, नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ परिसर के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र अमन संतोलिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि छात्रों को अपनी सृजनात्मक क्षमता का उपयोग समाज के लिए उपयोगी तकनीक, उपकरण, सामग्री आदि को तैयार करने के लिए करना चाहिए। इस दौरान फाउंडर कुलपति प्रो. वीके तिवारी, डॉ. एके आहूजा मौजूद रहे। संवाद